आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट




बर्ष :13 अंक :350 पृष्ठ -4 दिनांक 24 दिसम्बर 2024 दिन मंगलवार

# मौसम के दो रंग, 30 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट

## इन शहरों में बादल-बारिश की चेतावनी

उत्तर प्रदेश के मौसम में आज सोमवार से अलग अलग रंग देखने को मिलेंगे। आज 23 दिसम्बर को पश्चिमी यूपी में कहीं-कहीं बूंदाबांदी होने का अनुमान है, वही पूर्वी यूपी में मौसम साफ रहने की संभावना है। इस दौरान दोनों हिस्सों में कहीं-कहीं पर घना कोहरा छाने के आसार हैं।बारिश से प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट आने की संभावना है।24 दिसंबर को भी पश्चिमी और पूर्वी यूपी में कहीं-कहीं पर बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। इस दौरान दोनों हिस्सों में देर रात और सुबह के समय कहीं-कहीं पर छिछला से मध्यम कोहरा छाने की संभावना है।26 से 28 दिसम्बर के बीच भी पश्चिमी और पूर्वी यूपी में हल्की से मध्यम बारिश होगी। इस दौरान अधिकतम तापमान में गिरावट तो रात के न्यूनतम तापमान में उछाल आने की प्रबल संभावना है।आज सोमवार को बलिया, देवरिया, बस्ती, गोरखपुर, संतक. बीरनगर, कुशीनगर, महाराजगंज ,




सिद्धार्थनगर , गोंडा, श्रावस्ती, बलरामपुर, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, सहारनपुर और शामली ,मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं और उसके आसपास के इलाकों में घना कोहरा छाने का अलर्ट जारी किया गया है। सोमवार को अलीगढ़,मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, फिरोजाबाद, आगरा, मै. नपुरी और इटावा में बारिश हो सकती है।मंगलवार को इटावा, औरैया, कानपुर नगर, कानपुर देहात, जालौन, झांसी, ललितपुर, महोबा, हमीरपुर, फतेहपुर, बांदा, कौशांबी और चित्रकूट में एक या दो जगहों पर बारिश होने के आसार बने हुए हैं।सोमवार को नोएडा-गाजियाबाद में भी आसमान में बादल बारिश के आसार जताए गए हैं। दोनों शहरों में अधिकतम तापमान 17 और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री रहने का अनुमान है। लखनऊ में सुबह-शाम के समय कोहरा छाया रहेगा लेकिन दिन में आसमान साफ रहेगा। अधिकतम तापमान 24 और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस रहेगा।

24 दिसंबर को पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में हल्की बौछारें पड़ने और गरज के साथ बारिश हो सकती है। इस दौरान सुबह और रात के समय कोहरा छाने के आसार है। 25 दिसंबर को पश्चिमी यूपी और पूर्वी यूपी में मौसम साफ रहेगा। पूर्वी यूपी में देर रात और सुबह के समय छिछला से मध्यम कोहरा छाने के आसार हैं। 26 दिसंबर को पश्चिमी यूपी में कहीं-कहीं पर बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने के आसार हैं, जबकि पूर्वी यूपी में मौसम साफ रह सकता है। इस अवधि में दोनों हिस्सों में छिछला से मध्यम कोहरा छाने का अलर्ट है।27 दिसम्बर के आसपास सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 27-28 दिसम्बर को बादल छाने के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है और अधिकतम तापमान में गिरावट आने की प्रबल संभावना है।29-30 दिसंबर से फिर मौसम शुष्क होने लगेगा और न्यूनतम तापमान में गिरावट आने से ठंड का असर बढ़ेगा।

## उत्तर प्रदेश में 15 आईपीएस अधिकारियों के तबादले, नए पद स्थापन से पुलिस प्रशासन में बड़ा बदलाव



उत्तर प्रदेश सरकार ने कानून व्यवस्था में सुधार के उद्देश्य से 15 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। इन तबा. दलों में कई जिलों में नए पुलिस अधीक्षकों की नियुक्ति की गई है। महिला अधिकारियों को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गईं, जिससे प्रशासनिक संतुलन और सुरक्षा तंत्र को मजबूती मिलने की उम्मीद है।इन तबा. दलों का उद्देश्य कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करना और प्रशासनिक कार्यकुशलता को बेहतर बनाना है। नए आदेशों के तहत कई जिलों में नए पुलिस अधीक्षकों की तैनाती की गई है।प्रमुख तबादले

1.अजय पाल सिंह प्रभारी अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, प्रयागराज बनाए गए।
2.डॉ. कौस्तुभ  पुलिस अधीक्षक (एसपी) जौनपुर के पद पर तैनात किए गए।
3.केशव कुमार एसपी अंबेडकरनगर बनाए गए।
4.अपर्णा रजत कौशिक एसपी अमेठी के पद पर नियुक्त।
5.अंकिता शर्मा एसपी कासगंज के रूप में तैनात की गईं।
6.विक्रांतवीर पुलिस अधीक्षक देवरिया के पद पर भेजे गए।
7.ओमवीर सिंहरू पुलिस अधीक्षक बलिया बनाए गए।
8.रामनयन सिंह बहराइच के नए पुलिस अधीक्षक नियुक्त किए गए।
9.चिरंजीव नाथ सिन्हा पुलिस अधीक्षक हाथरस बने।
10.प्राची सिंह सेनानायक, 32 वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ नियुक्त की गईं।
11.संकल्प शर्मा पुलिस उपायुक्त, लखनऊ कमिश्नरेट के रूप में तैनात किए गए।
12.अनूप कुमार सेनानायक, 35वीं वाहिनी पीएसी, लखनऊ बनाए गए।
13.अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पद पर तैनात किए गए।तबादलों का उद्देश्य सरकार का उद्देश्य इन तबादलों के जरिए प्रदेश की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करना और सुरक्षा तंत्र को अधिक प्रभावी बनाना है। जिन जिलों में हाल के दिनों में अपराध दर में वृद्धि हुई है, वहां विशेष ध्यान देते हुए अनुभवी और कुशल अधिकारियों की तैनाती की गई है।महिला अधिकारियों को मिली नई जिम्मेदारियांरू इन तबादलों के दौरान महिला आईपीएस अधिकारियों को भी महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त किया गया है। अपर्णा रजत कौशिक को एसपी अमेठी और अंकिता शर्मा को एसपी कासगंज बनाया गया है। प्राची सिंह को पीएसी लखनऊ की सेनानायक के रूप में तैनात किया गया है। यह कदम महिला सशक्तिकरण और प्रशासनिक संतुलन की दिशा में एक सकारात्मक पहल है।क्षेत्रीय पुलिसिंग में सुधाररू देवरिया, बलिया, जौनपुर, और बहराइच जैसे जिलों में नए पुलिस अधीक्षकों की नियुक्ति से कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने की उम्मीद है। इन जिलों में अपराध नियंत्रण और प्रशासनिक कार्यकुशलता को प्राथमिकता दी जाएगी।योजनाबद्ध रणनीतिरू प्रदेश सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर सुधारों की आवश्यकता है। इन तबादलों के जरिए न केवल अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां दी गई हैं, बल्कि प्रशासनिक संतुलन बनाने का भी प्रयास किया गया है।

## संभल, वाराणसी और अलीगढ़ के बाद अब इस शहर में . मिला मंदिर, हिंदू संगठनों ने डीएम से की बड़ी मांग



उत्तर प्रदेश में पुराने मंदिरों के मिलने का सिलसिला शुरू हो गया है, संभल, वाराणसी, अलीगढ़ के बाद अबबुलंदशहर में एक मंदिर मिला है. बुलंदशहर के खुर्जा कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला सलमा हाकान में जर्जर हालत में मंदिर मिला है, ये मंदिर बड़ी मुस्लिम आबादी के बीच मिला है. ये मंदिर लगभग 50 साल पुराना बताया जा रहा है. यहाँ मंदिर पर पहुँचे विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओ ने मंदिर की सफाई की है. बताया जा रहा है कि 1992 के दंगे में हिन्दू लोग मोहल्ला छोड़ कर चले आए थे जिसके बाद से मंदिर बंद हुआ और अब मंदिर की हालत काफी जर्जर है. विश्व हिंदू परिषद ने डीएम बुलंदशहर व एडीएम फाइनेंस अभिषेक सिंह को प्राथन पत्र देकर मंदिर की साफ सफाई और नवीनीकरण की मांग की है. ताकि मंदिर में सुचारू रूप से पूजा हो सके. विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता सुनील सोलंकी ने बताया कि, ये मंदिर काफी सालों से बंद पड़ा हुआ है जो यहाँ हिंदू रहते थे वो यहाँ से पलायन करके चले गए. तब से मंदिर बंद पड़ा है.हिंदू संगठनों ने डीएम को सौंपा ज्ञापनविश्व हिंदू परिषद के नेता के कहा कि, आज हमने डीएम साहब को भी ज्ञापन दिया है, कि मंदिर के सौंदर्यीकरण की व्यवस्था की जाए और इसकी साफ सफाई करवाई जाए. ताकि सुचारू रूप से यहाँ पूजा पध्दति हो सके. वहीं जानकारी देते हुए खुर्जा के एसडीएम दुर्गेश सिंह ने बताया कि खुर्जा में सलमा हकान करके एक महोल्ला है, मंदिर को लेकर किसी भी पक्ष में कोई विवाद नही है. वहाँ पर पूर्ण रूप से शांति व्यवस्था बनी हुई है. दोनो पक्षों में कोई विवाद ना पूर्व में रहा है, ना वर्तमान में है.जाटव समाज द्वारा मंदिर में पूजा पाठ किया जाता रहा है. स्थानीय लोगों ने प्रशासन को यह भी बताया कि, जब वहां से जाटव समाज शिफ्ट हो गया तो उन्होंने मूर्तिया अपने साथ लेजा कर पास की नदी में विसर्जन कर दिया. तब से स्ट्रेक्चर ऐसे ही खड़ा है.

## रामपुर में 4 वर्षीय बच्चे को अगवा कर टुकड़ों में काटा, अधजला शव नाले में बरामद

रामपुर में 4 वर्षीय बालक की निर्मम हत्या करने का मामला सामने आया है. जहां कैमरी थाना क्षेत्र के गंगापुर कदीम गांव में बीते दिन बच्चे को अगवा कर उसकी न सिर्फ हत्या की गई बल्कि उसके शव के कई टुकड़े कर उसे जलाया गया और फिर अधजले शव को बोरे में भरकर नाले में फेंक दिया गया. इस मामले में परिजनों ने अपने पड़ोसियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है. पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. वही पूछताछ के लिए कई लोगों को हिरासत में लिया गया है. जिनसे पुलिस पूछताछ कर सही तथ्यों तक पहुंचकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की बात कर रही है.इस मामले में मृतक बच्चे बिलाल के चाचा फहीम ने बताया, कल सुबह 9रू00 बजे बच्चे को उठा लिया गया था. इसके बाद बच्चे को हमने ढूंढना शुरू किया. जब शाम तक बच्चा हमें नहीं मिला तब हमने पुलिस को सूचना दी. प्रशासन ने रात 12रू00 बजे तक बच्चे को ढूंढा लेकिन वह नहीं मिल पाया. सुबह भी पूरा जंगल देखा लेकिन बच्चा नहीं मिला, फिर मृतक बच्चे के घर के लोग ढूंढने गए तो, उन्हें नाले में एक कट्टा मिला कट्टा खोला तो उसमें बच्चा निकला. बच्चे की निर्मम हत्या की गई है. उसकी पहले गर्दन काटी गई है फिर हाथ काटे और टांगे काटी गई हैं. उसके बाद उसे कपड़ों के साथ ही जला दिया गया है.बच्चे की गर्दन जानबूझकर काटी गई- पुलिस प्रशासनउसके बाद प्रशासन ने पहुंचकर बच्चे के शव का पोस्टमार्टम कराया. पुलिस के मुताबिक दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी. बच्चों की स्थिति देखकर लग रहा है उसका मर्डर हुआ है. जानबूझकर उसकी गर्दन हाथ और टांगे कटे गई हैं. उसके बाद उसे जलाया गया है. यह घटना गांव गंगापुर कदीम थाना कैमरी तहसील मिलक का मामला है. पुलिस ने संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया है इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक अतुल श्रीवास्तव ने बताया थाना कैमरी क्षेत्र से कल सुबह गंगापुर कदीम गांव से सुबह 9:00 बजे एक 4 वर्षीय बच्चा गायब हो गया था. उसकी तलाश परिजन कर रहे थे और कल रात में इसकी सूचना थाना कैमरी पर दी गई थी. थाना कैमरी पुलिस लगातार उस बच्चे की तलाश कर रही थी. आज सुबह उस बच्चे की डेड बॉडी नाले में अधजली अवस्था में मिली है. परिजनों ने अपने पड़ोसियों पर आरोप लगाकर एफआईआर दर्ज कराई है. एफआईआर पंजीकृत कर ली गई है. विवेचना की जा रही है. कुछ संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया गया है जिनसे विस्तृत पूछताछ की जा रही है. साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की जा रही है. साक्ष्य संकलन में और पूछताछ में जो भी तथ्य प्रकाश में आएंगे उसके आधार पर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी.

## 10 साल छोटे आशिक संग .भागी 2 बच्चों की मां



गाजीपुर  उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में सैदपुर थाना पुलिस ने प्रेमियों के साथ भागी दो विवाहित महिलाओं को पुलिस ने उनके प्रेमियों के साथ खोज निकाला है। महिलाएं अब अपने पति के साथ नहीं रहना चाहती हैं। महिलाएं अपने उम्र से 10 साल छोटे प्रेमी के साथ ही रहने की जिद पर अड़ी हुई है। अपने पति से तलाक का भी दबाव बना रही है। इस मामले में पुलिस कानूनी कार्यवाही में जुट गई है।सैदपुर कोतवाली के शहरी और ग्रामीण इलाकों में एक हफ्ते के अंदर दो विवाहित महिलाएं और दो किशोरियां अपने प्रेमियों के साथ फरार हो गईं। इसके संबंध में परिजन ने सैदपुर कोतवाली में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस इन सभी की खोजबीन में जुटी गई थी। पुलिस ने सभी को एक सप्ताह के अंदर उनके प्रेमियों के साथ खोज निकालाइस दौरान जब उन विवाहित महिलाओं के साथ ही उन किशोरियों के परिजन उन्हें लेने कोतवाली पहुंचे तो वह अपने जिद पर अड़ी रही। वह अपने घर नहीं जाना चाहती बल्कि अपनी प्रेमी के साथ ही रहना ही अपनी पहली पसंद बताया।अपने प्रेमियों के साथ भागी हुई महिला में से एक दो बच्चों की मां है। वह 3 दिन पहले अपना सब कुछ छोड़ प्रेमी के साथ फरार हो गई थी। उसके प्रेमी की उम्र उससे 10 साल कम है। बावजूद इसके वह अब अपने पति और बच्चों के साथ रहने की बजाय अपने प्रेमी के साथ ही जाने के लिए तैयार है। महिला अपने पति से तलाक भी मांग रही है।एक तरफ महिला अपने तीनों बच्चों की परवाह किए बगैर अपने पति पर तलाक का दबाव बना रही है तो वहीं उसका पति सब कुछ भूलकर एक बार फिर से उसे अपनाने को तैयार है। हालांकि महिला ने अपने घर जाने से साफ इनकार कर दिया है। पुलिस अब विधिक कार्रवाई करने में जुटी हुई है।

## अवैध कटान को रोकने गई पीआरबी टीम से की अभद्रता, दो हिरासत में लिए

उत्तरप्रदेश अकराबाद क्षेत्र के गांव दीपपुर गोबरा में आम के पेड़ काटने की सूचना पर पीआरबी पुलिस पहुंची। कटान कर रहे लोगों को उन्होंने रोका तो वह अभ्रदता करने लगे। अभद्रता की जानकारी होने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है।पीआरबी वाहन पर तैनात कर्मियों ने बताया है कि 12 दि. संबर की दोपहर को वन विभाग की बिना अनुमति के एक बाग में काटे जा रहे पेड़ों की सूचना पर गांव पहुंचे थे। वाहन में दो महिला कांस्टेबल, एक हेड कांस्टेबल व चालक योगेश गौतम मौजूद था। योगेश ने बताया है कि जैसे ही उन्होंने मौके पर कटे पेड़ों का मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू किया तो वहां कार्य कर रहा एक युवक पीआरबी कर्मियों पर हमलावर हो गया।अभद्रता करने पर उतारू हो गया। खींचतान में चालक योगेश की सर्ट का बटन टूट गए। मुश्किल से उसे काबू कर इसकी सूचना थाना पुलिस को दी।



# उत्तराखंड में क्रिसमस के मौके पर बढ़ सकती है ठंड, पहाड़ी और मैदानी इलाकों में बर्फबारी की उम्मीद





क्रिसमस और नए साल से पहले उत्तराखंड में ठंड बढ़ने की संभावना जताई गई है. मौसम विज्ञान केंद्र ने प्रदेश के पर्वतीय जिलों में आज बारिश और बर्फबारी का पूर्वानुमान जारी किया है. विशेषज्ञों का कहना है कि बारिश और बर्फबारी के कारण तापमान में गिरावट होगी, जिससे ठंड में इजाफा हो सकता है. इस दौरान मौसम विभाग ने लोगों को ठंड में बचने की सलाह दी है.

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, दे. हरादून के पर्वतीय इलाकों समेत उत्तरक. ाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, टिहरी, बागेश्वर, पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा जिले में हल्की बारिश और बर्फबारी हो सकती है. इन जिलों में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में विशेष रूप से बर्फबारी होने के आसार हैं. मौसम विभाग ने बताया है कि मैदानी इलाकों में मौसम शुष्क रहेगा, लेकिन तापमान में गिरावट से ठंड बढ़ सकती है.प्रदेश में बारिश और बर्फबारी से तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती हैपिछले कुछ दिनों में प्रदेश के विभिन्न इलाकों में तापमान में असामान्य वृद्धि देखी गई है. रविवार को देहरादून का अधिकतम तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से चार डिग्री अधिक था. वहीं, न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री रहा, जो बीते वर्षों की तुलना में सबसे अधिक है. विशेषज्ञों का मानना है कि यह तापमान में हो रहे बदलावों का नतीजा है, लेकिन आगामी बारिश और बर्फबारी से तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी.बारिश और बर्फबारी के कारण पर्वतीय इलाकों के साथ–साथ मैदानी इलाकों में भी ठंड बढ़ सकती है. चमोली और उत्तरकाशी जैसे जिलों में बर्फबारी से जनजीवन प्रभावित हो सकता है. यातायात में बाधा और बिजली आपूर्ति में रुकावट जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं. वहीं, मैदानी इलाकों में सर्द हवाओं के कारण लोग गर्म कपड़ों का सहारा लेंगे.

जलवायु परिवर्तन से फसलों को नुकसान हो सकता है मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मौसम के पैटर्न में बदलाव के कारण उत्तराखंड में इस साल सर्दियों की शुरुआत में बदलाव देखा गया है. न्यूनतम तापमान का बढ़ना और फिर अचानक गिरावट, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को दर्शाता है.विशेषज्ञों ने किसानों और स्थानीय निवासियों को सतर्क रहने की सलाह दी है, खासतौर पर उन क्षेत्रों में जहां बर्फबारी और बा. रिश से फसलों को नुकसान हो सकता है मौसम विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि ऊंचाई वाले इलाकों में यात्रा करते समय सतर्क रहें. बर्फबारी के कारण सड़कें फिसलन भरी हो सकती हैं,जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ सकता है. इसके अलावा, ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़ों का उपयोग और स्वास्थ्य काध्यान रखना जरूरी है. क्रिसमस और नए साल के जश्न के बीच ठंड का यह असर पर्वतीय और मैदानी दोनों क्षेत्रों के लोगों को प्रभावित करेगा. सरकार और स्थानीय प्रशासन को इस दौरान सतर्कता बरतने की आवश्यकता होगी, ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके.

# गोवर्धन तहसील के गांव बचगांव में हुआ भव्य आयोजन



मथुरा राजू चौधरी पुत्र चंदन सिंह पूर्व प्रधान निवासी बच्चे गांव भागवत स्थल बनिया वाली धर्मशाला में किया गया जिसमें 18 कलश की कलश यात्रा सारे गांव की परिक्रमा करके भागवत कथा का आयोजन किया गया जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने एवं सभी भक्तगणों ने भाव और भक्ति के साथ सारे गांव की परिक्रमा करके भागवत कथा का आयोजन कराया गया जिसमें कथा वाचक शास्त्री जी सुमन शास्त्री के द्वारा कथा का आयोजन एवं कथा की शुरुआत की जा रही है सभी भक्तगणों से एवं सभी कथावाचक एवं सभी भागवत कथा के प्रेमी एवं सभी श्रद्धालुओं से भक्तों से निवेदन है की सभी लोगभागवत कथा का श्रवण करने के लिए गांव बच्चगांव में पहुंचने की कृपा करें और राजू पुत्र चंदन सिंह पूर्व प्रधान निवासी बच्चगांव ने सभी भक्तगणों से अनुग्रह किया है और सभी भक्ति गाना भागवत कथा का रस एवं रसपान श्रवण करें

# 28 जनवरी से शुरू होंगे 38वें राष्ट्रीय खेल

उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेल आगामी 28 जनवरी से शुरू होंगे, लेकिन 34 खेलों में प्रतिभाग के लिए मेजबान राज्य के खिलाड़ियों की सूची अब तक तैयार नहीं है। यह हाल तब है, जब राज्य को राष्ट्रीय खेलों की पदक तालिका में श्रेष्ठ पांच राज्यों में शामिल करने का दावा किया जा रहा है।राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड के खिलाड़ियों के लिए वार्षिक परीक्षा की तरह हैं। इन खेलों में राज्य के खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करें और खेलों का सफल आयोजन हो इसके लिए विभाग में पिछले कुछ समय से खूब बैठकें चल रही हैं।इन बैठकों के फलाफल का पता नहीं लेकिन लेकिन 34 में से किसी भी खेल के खिलाड़ियों की अंतिम सूची जारी नहीं की गई। उत्तराखंड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष व पूर्व विधायक महेश नेगी का कहना है कि इन दिनों खिलाड़ियों के कैंप चल रहे हैं। पांच से 10 जनवरी के बीच फाइनल ट्रायल होगा। उसमें खिलाड़ियों का चयन कर सूची तैयार की जाएगी।बाहर के खिलाड़ियों को मैदान में उतारने की तैयारीअर्जुन अवार्डी सुरेंद्र सिंह कनवासी के मुताबिक, खिलाड़ियों की सूची अब तक जारी न होने की एक वजह यह है कि 34 खेलों में से कुछ में राज्य के खिलाड़ियों को मौका न देकर राज्य के बाहर के खिलाड़ियों को उतारे जाने की तैयारी है। बाहर के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राज्य की ओर से शामिल कर विभाग चाहता है कि अधिक से अधिक पदक जीते जा सकें। उनका कहना है कि खेल मंत्री रेखा आर्या के सामने इस मामले को उठा चुका हूं।

# अस्पताल से डिस्चार्ज हुए BJP के दोनों सांसद, संसद में धक्का–मुक्की के दौरान हो गए थे घायल



नई दिल्ली। संसद परिसर में विपक्ष और छक। के सदस्यों के बीच हाल ही में धक्का–मुक्की घायल हुई थी। इस दौरान बीज. ेपी के दो सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत घायल हो गए थे। 19 दिसंबर को सिर में चोट लगने के कारण दोनों को संसद से अस्पताल लाया गया था। अब दोनों को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। वह दिल्ली के राम मनोहर लोहिया (त्डस्) अस्पताल में एडमिट थे।दोनों सांसद संसद परिसर में एनडीए और इंडिया गठबंधन के सांसदों के विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई धक्का–मुक्की से घायल हो गए थे, उन्हें सिर में चोट आई थी और ब्लड प्रेशर की समस्या हो गई थी। दोनों लोकसभा सांसदों को प्ब्न में निगरानी में रखा गया था और 21 दिसंबर को एक वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। एक वरिष्ठ डॉक्टर ने कहा, श्दोनों सांसदों की हालत अब काफी बेहतर है और उन्हें छुट्टी दे दी गई है।आरएमएल अस्पताल के डॉ. शुक्ला एमएस ने पहले कहा था कि एमआरआई और सीटी स्कैन में चोट के संबंध में कुछ भी महत्वपूर्ण बात सामने नहीं आई है।डॉ. शुक्ला के मुता. बिक, श्जब प्रताप सारंगी को लाया गया तो बहुत ज्यादा खून बह रहा था। उसके माथे पर गहरा घाव था और उन्हें टांके लगाने पड़े। मुकेश राजपूत के सिर में भी चोट लगी जिसके तुरंत बाद वह बे. होश हो गए। हालांकि, जब सांसद को अस्पताल लाया गया तो वह होश में थे। उनका ब्लड प्रेशर लेवल बढ़ गया था। बीजेपी ने कांग्रेस पर लगाया आरोप बता दें कि बीआर अंबेडकर के कथित अपमान को लेकर संसद परिसर में विपक्ष और एनडीए सांसदों के बीच झड़प में सारंगी और राजपूत घायल हो गए थे। बीजेपी ने राहुल गांधी पर वरिष्ठ सदस्य को धक्का देने का आरोप लगाया, कांग्रेस नेता ने इस आरोप को खारिज कर दिया।

# पीएम ने 71000 युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र शिक्षा व्यवस्था पर क्या बोले?



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रोजगार मेला के तहत नवनियुक्त 71000 लोगों को नियुक्ति पत्र बांटे। इस अवसर पर पीएम ने कहा कि देश को आगे ले जाने के लिए युवा प्रतिभाओं के स्किल को निखारने की जरूरत है। शिक्षा व्यवस्था पर अहम जिम्मापीएम ने कहा कि देश को आगे ले जाने के लिए युवा प्रतिभाओं की क्षमता को निखारना जरूरी है। यह जिम्मेदारी देश की शिक्षा व्यवस्था पर है, यही वजह है कि दशकों से देश को नए भारत के निर्माण के लिए आधुनिक शिक्षा व्यवस्था की जरूरत महसूस हो रही थी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति से आगे बढ़ेगा देश पीएम मोदी ने ये भी कहा कि पहले ग्रामीण, दलित, पिछड़े और आदिवासी समुदायों के युवाओं के लिए भाषा एक बड़ी बाधा हुआ करती थी। उन्होंने कहा कि हमने मातृभाषा में पढ़ाने और उसी में परीक्षा आयोजित करने की नीति शुरू की। 13 अलग–अलग भाषाओं में भर्ती परीक्षा शुरू पीएम ने कहा कि हमारी सरकार युवाओं को 13 अलग–अलग भाषाओं में भर्ती परीक्षा देने का विकल्प दे रही है। आज सीमावर्ती क्षेत्रों में युवाओं को स्थायी सरकारी नौकरी देने के लिए विशेष भर्ती रैलियां आयोजित की जा रही हैं। अभी तक 50 हजार से अधिक युवाओं को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में नियुक्ति पत्र मिल चुके हैं। पीएम ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के जरिए अब देश उस दिशा में आगे बढ़ चुका है। पहले कई तरह की पाबंदियों के चलते शिक्षा व्यवस्था अक्सर छात्रों पर बोझ बन जाती थी, लेकिन अब यह उन्हें नए विकल्प दे रही है।

# देवेंद्र फडणवीस का मृतकों के परिजनों को 10–10 लाख देने का ऐलान, बीड–परभनी घटना की होगी न्यायिक जांच



महाराष्ट्र के बीड में बीड में मारे गए सरपंच और परभणी में पुलिस हिरासत में मरने वाले दलित लॉ छात्र की घटना को प्रदेश मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है. उन्होंने कहा कि बीड में सरपंच की हत्या की दोहरी जांच कराई जाएगी और आरोपियों के खिलाफ मकोका (डब्ब।) के तहत कार. ेवाई होगी. महाराष्ट्र विधानसभा में हुई अल्पकालीन चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बीड और परभणी में हुई पर कहा कि परभणी जिले की घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है. भारत के संविधान का अपमान करना सभी भारतीयों का अपमान है.महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने दोनों घटनाओं को गंभीरता से लिया है. बीड जिले में हत्या के मामले की न्यायपालिका और एसआईटी द्वारा दोहरी जांच कराई जाएगी. इस बात का ऐलान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार (23 दिसंबर 2024) को विधानसभा में की. इसके अलावा परभणी मामले की भी न्यायिक जांच कराने का भरोसा सभी को दिया है. मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि बीड में मारे गए सरपंच संतोष देशमुख और परभणी में मारे गए सोमनाथ सूर्यवंशी के परिवार को 10 लाख की सहायता दी जाएगी. बीड में मामले की न्यायिक और एसआईटी जांच के साथ जिला पुलिस अधीक्षक का तबादला किया जाएगा. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सख्त रुख अपनाया कि इस मामले में मकोका के तहत दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने से बीड जिलों में भू–माफिया और रेत माफिया अपराध के कारण मारे जाएंगे. उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस अधिकारी अशोक घोरबंद को परभणी में निलंबित कर दिया गया है. इस बात की जांच की जाएगी कि क्या उन्होंने उचित पुलिस बल से अधिक का इस्तेमाल किया.शरद पवार ने की थी जांच की मांग वहीं, एनसीपीएसपी गुट के प्रमुख शरद पवार ने बीड में मारे गए सरपंच और परभणी में पुलिस हिरासत में मरने वाले दलित लॉ छात्र के परिवारों से मिलने के एक दिन बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से पर बात की. उन्हें दोनों क्षेत्रों की जमीनी स्थिति से अवगत कराया.उनहोंने कहा, मैंने सीएम देवेंद्र फडणवीस से बात की और उन्हें बताया कि शनिवार को बीड और परभणी के दौरे में मैंने क्या देखा, दोनों जगहों पर स्थिति बहुत गंभीर है. मैंने मुख्यमंत्री से इस मुद्दे पर ध्यान देने और मामले की उचित जांच कराने को कहा.

# बर्थडे पार्टी में फायरिंग मामले का वीडियो आया सामने, विश्व हिंदू परिषद के नेता ने चलाई थी गोली?






एमपी के दमोह में शनिवार की देर रात हुए बड़े घटनाक्रम में बर्थडे पार्टी के दौरान ही ताबड़तोड़ फायरिंग और एक डांसर के घायल होने के मामले में नया खुलासा हुआ है. पार्टी के दौरान डांस के वीडियो और उसमें फायरिंग करते हुए एक शख्स रिकॉर्ड हुआ है और ये शख्स विश्व हिंदू परिषद का नेता बताया जा रहा है.दरअसल, कल रात जिले के हटा थाना अंतर्गत रोसरा गांव में एक जन्मदिन की पार्टी थी जिसमें डांसर डांस कर रही थी इसी दौरान फायरिंग हुई और एक डांसर घायल हुई है.हटा पुलिस कर रही है मामले की तहकीकात घायल डांसर को दमोह के जिला अस्पताल लाया गया था लेकिन उसकी हालत गंभीर होने के बाद उसे जबलपुर रेफर किया गया है. आज दिन भर से हटा पुलिस इस मामले की तहकीकात कर रही है. पुलिस ने रोसरा में पार्टी के आयोजक धन सिंह के घर जाकर जांच की और जानकारी जमा की. इस बीच इस घटना से जुड़े कुछ वीडियो भी सामने आए है जिनमे डांसर्स डांस कर रही है और उनके सामने फायरिंग हो रही हैडांसर को लग गई गोलीबंदूक से की जा रही फायरिंग करने वाला शख्स बबलू राय के नाम से चिन्हित हुआ है. बबलू विश्व हिंदू परिषद का नेता है और हटा का प्रखंड अध्यक्ष है. जिस घर में ये पार्टी थी उस परिवार के मुताबिक पार्टी में बबलू राय अपने साथियों के साथ आये थे. डांस का मजा ले रहे थे और बंदूक से दनादन फायरिंग कर रहे थे. उसी दौरान डांसर को गोली लग गई और भगदड़ मच गई.श्डांसर को लगने वाली गोली बबलू राय ने चलाई थीश्धन सिंह के मुताबिक फिर वही लोग मतलब बबलू राय उस डांसर को लेकर सिविल अस्पताल ले गए. इसी परिवार के दूसरे सदस्य रामस्वरूप लोधी के मुताबिक, डांसर को लगने वाली गोली बबलू राय ने चलाई थी. इतना ही नहीं, घटना के बाद बबलू ने लोगों को धमकाया भी था. इस नए खुलासे और वीडियो सामने आने के बाद सनसनी फैल गई है. हटा थाना इंचार्ज धर्मेंद्र उपाध्याय के मुताबिक, गोली लगने से घायल हुई डांसर जबलपुर में इलाजरत है और उसके बयानों के लिए एक टीम वहां भेजी गई है. वहीं, कार्यक्रम आयोजकों के बयान भी रिकार्ड किए जा रहे हैं. साथ ही वो वीडियो भी जब्त किए गए हैं जिनमे डांस और फायरिंग करते लोग दिख रहे हैं. हिन्दू नेता के सवाल पर उपाध्याय का कहना है कि जांच में जो भी नाम आएंगे उन्हें बख्शा नहीं जाएगा.

# अपर आयुक्त की अध्यक्षता में विकास कार्यों की मण्डलीय बैठक संपन्न

अलीगढ़ अपर आयुक्त, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़ अरुण कुमार की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में मण्डलीय विकास कार्यों की बैठक आहूत की गई। उन्होंने मण्डलीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने विभाग की समीक्षा मण्डलीय बैठक से पूर्व ही कर लें तो बेहतर रहता है। जब वह पूरी तैयारी के साथ मण्डलीय बैठक में आते हैं तो अंत. विभागीय समन्वय से बड़ी से बड़ी समस्याएं आसानी से हल हो जातीं हैं। समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग को और बेहतर कार्य करने के साथ ही पशुपालन विभाग को गौवंशों को शीतलहरी से सुरक्षित रखने के लिए हर सम्भव प्रयास करने के निर्देश दिए गए। अपर आयुक्त ने कहा कि अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों, उच्चाधिकारियों के निर्देशों व विभागीय नियमों से सभी अच्छी तरह से वाकिफ हैं, फिर भी यदि कोई समस्या आती है तो फिर सबंधित को परेशानी हो सकती है। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं में एम्बुलेंस सेवा, बायोमेडिकल वेस्ट मै. नेजमेंट, सीटी स्कैन सेवाएं, अन्य चिकित्सकीय सहायता सुविधाओं, मन. रेगा की विस्तार से समीक्षा की गई। दुग्ध विकास और सहकारी समितियों की समीक्षा में सदस्यता एवं दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए गए। लाभार्थी परक योजनाओं में विभिन्न प्रकार की पेंशन, जल जीवन मिशन के तहत शतप्रतिशत कार्य पूर्ण जल्द से जल्द करने के साथ ही शतप्रतिशत फैमली आईडी बनाए जाने के निर्देश दिए गए। अपर आयुक्त ने कार्य मे तेजी लाने के निर्देश दिए। 15 वें वित्त आयोग ग्राम पंचायत में प्राप्त धनराशि का जनहित के विकास कार्यों पर सदुपयोग करने के निर्देश दिए गए। व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन फेज–टू, पर्यटन विकास में काफी कार्य करने की आवश्यकता है, अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेकर कार्य करें। सामा. जिक वनीकरण में हाथरस की स्थिति सुधारने के निर्देश दिए गए। ऑपरेशन कायाकल्प में हाथरस एवं अलीगढ़ की स्थिति खराब पाई गई। एडी बेसिक ने



बताया कि मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सामग्री का नमूना लिए जा रहे हैं।बैठक में अंडा उत्पादन, निराश्रित गौवंश संरक्षण, पशु टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, मत्स्य उत्पादन, पोषण अभियान, आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, सेतु निर्माण, प्रोजेक्ट अलंकार माध्यमिक शिक्षा, सड़कों का अनुरक्षण, ओडीओपी टूल किट, सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, पेंशन, टेल फीडिंग एवं अन्य प्रा. थमिकता बिंदुओं पर गहनता से विचार विमर्श किया गया। बैठक का संचालन संयुक्त विकास आयुक्त मंशाराम यादव ने किया। इस अवसर पर सभी जिलों से मुख्य विकास अधिकारी, वन संरक्षक एवं मण्डलीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## भाकियू सुनील ने किसानो के मसीहा चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



अलीगढ़ ।भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील चौधरी के नेतृत्व मे संगठन के पदाधिकारियो ने वरुणालय गेस्ट हाउस पर किसानो के मसीहा चौधरी चरण सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया।इस मौके पर काफी संख्या मे पदाधिकारी श्री जयवीर सिंह युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन सुनील जाट महासभा के अलीगढ़ मंडल अध्यक्ष रितेश चौधरी गुड्डू चौधरी अमित चौधरी विनोद चौधरी योगेश यादव डॉ राजकुमार सिंह जी रामकुमार जी देवेंद्र कुमार जी जिला अध्यक्ष किशन सिंह लोधी जी मौजूद रहे।

## नगर आयुक्त ने सीएम ग्रिड सड़को के निर्माण का किया निरीक्षण–प्रोजेक्ट में बाधक अतिक्रमण को चिन्हित करने की कवायद हुई शुरू



अधीनस्थों को सीएम के महत्वकांक्षी प्रा. `जेक्ट को गंभीरता से लेने के निर्देश–गूलर रोड सीएम ग्रिड योजनांतर्गत नाला निर्माण कार्य मिला प्रगति परआईटीआई रोड सड़क पर नाला निर्माण से पहले एक साइड नाले का फ्लो चेक करने व निर्माण कार्यों में एन.जी. टी.के नियमों का पालन करने की दी सख्त हिदायत यशस्वी माननीय मुख्यमंत्री महोदय उत्तर प्रदेश शासन की नगरों में विकास की सर्वोच्च प्राथमिकता की योजना मुख्यमंत्री–ग्रीन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (अर्बन)' (सी.एम. ग्रिड्स) के योजनान्तर्गत अलीगढ़ नगर निगम द्वारा लगभग 1424. 77 लाख की लागत से वार्ड सं 08, 15, 26, 69 गूलर रोड पर जी०टी० रोड स्थित शहंशाह होटल की पुलिया से दे. हलीगेट चौराहे तक 2.08 मीटर लंबी सड़क निर्माण और 1518.75 लाख की लागत से वार्ड 54, 31, 30आई०टी०आ. ई० रोड पर जेल पुल के पास स्थित बिजलीघर से आई०टी०आई० रोड होते हुए बरौला पुल तक 1.78 मीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य का नगर आयुक्त ने निरीक्षण करते हुए इस योजनांतर्गत सभी सड़कों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के साथ–साथ माननीय हरित न्यायालय की दिशा निर्देशों का अनुपालन संबंधित एजेंसी से कराए जाने के निर्देश अधीनस्थों को दिए। नगर आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान दोनों सड़कों पर निर्माण कार्य में आने वाले बाधक अवैध अतिक्रमण को चिन्हित कर उन्हें हटाने की कवायद भी शुरू करने के लिए अधीनस्थों को कहा।सोमवार को नगर आयुक्त विनोद कुमार ने अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव मुख्य अभियंता सुरेश चंद अधिशासी अभियंता सिब्ते हैदर सहायक अभियंता के साथ गूलर रोड शहंशाह होटल के पास नाला निर्माण और आ. ईटीआई रोड निकट नुमाइश ग्राउंड के पास निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने अधीनस्थों को माननीय मुख्यमंत्री महोदय की सर्वोच्च प्राथमिकता की इस योजना को गंभीरता से लेने और निर्धारित समय सीमा में इसे पूरा करने के निर्देश दिए मानक गुणवत्ता के साथ–साथ निर्माण कार्य में एनजीटी के दिशा निर्देशों को संबंधित एजेंसी से अनिवार्य रूप से पालन करने के लिए भी कहा। निरीक्षण के दौरान आईटीआई रोड पर नगर आयुक्त ने जुपिटर लॉज वाली साइट पर बने नाले का मेजरमेंट व बहाव चेक करने के निर्देश दिए।नगर आयुक्त विनोद कुमार ने बताया शहरी क्षेत्र में मुख्यमंत्री–ग्रीन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (अर्बन)(सी.एम. ग्रिड्स) के अंतर्गत गूलर रोड और आईटीआई रोड पर बनाई जा रही स्मार्ट सड़के बेहद महत्वपूर्ण है भविष्य में इन स्मार्ट सड़कों के बन जाने पर शहर वासियों को एक नया विकास देखने को मिलेगा इन दोनों सड़कों पर दोनों साइडों पर नाला, फुटपाथ अंडर ग्राउंड केबलिंग पार्किंग और जगह जगह सिटिंग की उपलब्धता रहेगी साथ ही साथ गूलर रोड सड़क पर ग्रीन एरिया भी डेवलप किया जाएगा।

## भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौ0 श्री चरण सिंह के जन्मदिवस पर क्वार्सी फार्म में .किसान सम्मान दिवस एवं किसान मेले का हुआ आयोजन

अलीगढ़ भारत रत्न एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी श्री चरण सिंह जी के जन्म दिवस पर क्वार्सी कृषि फार्म परिसर में मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती विजय सिंह, मा0 एमएलसी डा0 मानवेन्द्र प्रताप सिंह, मा0 विधायक श्री अनिल पाराशर, वरिष्ठ भाजपा नेता आर0पी0 सिंह, जिला महामंत्री शिव नारायण शर्मा, जिलाधिकारी विशाख जी0 समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने उनके चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना के अंतर्गत किसान दिवस एवं प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया।मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती विजय सिंह ने किसान सम्मान दिवस में मा0 पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी चरण सिंह जी को नमन करते हुए कहा कि मोदी जी ने चौधरी साहब को भारत रत्न देकर देश भर के किसान बन्धुओं का सम्मान बढ़ाने का कार्य किया है। चौधरी साहब इस सम्मान के वास्तविक रूप से अधिकारी हैं वह भारत माता के सच्चे सपूत हैं। योगी जी के नेतृत्व में अब किसान और महिलाएं सुरक्षित हैं। पंचायत सचिवालय के माध्यम से गॉव और किसानों की समस्याओं का समाधान गॉव में ही हो रहा है। महिलाएं सशक्त हुई हैं और कृषि क्षेत्र में भी पुरूषों के साथ अग्रिम पंक्ति में खड़ी हैं। ड्रोन दीदी अभियान और महिला स्वयं सहायता



समूह महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हुए हैं।मा0 एमएलसी डा0 मानवेन्द्र प्रताप सिंह ने चौधरी साहब को नमन करते हुए कहा कि चौधरी साहब ने कृषि में सुधार के साथ–साथ भूमि सुधार पर भी कार्य किया। कृषि के कानून लागू कर पैमाइश कराकर खसरा–खतौनी स्पष्ट कराए। उन्होंने राजस्व विभाग में भी आमूलचूल परिवर्तन किया और पारदर्शिता लाने की व्यवस्था लागू की और आजादी के बाद किसानों को एक सम्बल मिला। मोदी जी द्वारा भी चौधरी साहब के समान ही राजस्व वादों को कम से कमतर करने के लिए स्वामित्व योजना एवं खतौनियों के डिजिटाइजेशन पर धरातल पर कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि किसान बन्धु अपनी आय बढ़ाने के लिए नवाचार अपनाएं जो प्रगतिशील किसान प्रयोगधर्मी हैं उन्होंने खेती किसानी के साथ मत्स्य पालन, पुष्प उत्पादन एवं अन्य माध्यमों से अपनी आय दोगुने से चार गुना तक बढ़ाई है। उन्होंने किसानों से मौसम अनुकूल खेती करने का आह्वान करते हुए कहा कि कुछ किसान बन्धु मई–जून में धान रोपित करते हैं जोकि गलत है, इससे जल स्तर प्रभावित होता है। प्राकृ तिक और परंपरागत खेती करें।मा0 विधायक कोल श्री अनिल पाराशर ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी एवं माननीय मुख्यमंत्री जी का सपना है कि किसान अलग हटकर खेती करें। जबसे किसानों ने तकनीक और नवाचार को अपनाया है फसल गुणवत्ता के साथ उनकी आय में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि अभी किसान बन्धु जैविक खेती करने में झिझकते हैं, इसे अपनाए। सरकार द्वारा अभी इस क्षेत्र में बहुत कार्य करना बाकी है। उन्होंने ऑर्गेनिक फार्मिंग के प्रमाणीकरण, सर्टीफिकेशन एवं पेंटेंट की भी बारत कही। कृषि क्षेत्र में तकनीक और नवाचार के सार्थक परिणाम आप सभी के सामने हैं, इन्हें अधिक से अधिक अपनाएं। उन्होंने प्रगतिशील किसान बन्धुओं से अपने अनुभव अन्य से भी साझा करने का आव्हान किया।जिलाधिकारी विशाख जी0 ने कहा कि चौधरी चरण सिंह जी की जयंती आज पूरे देश और प्रदेश में मनाई जा रही है। उनका जीवन किसानों के प्रति समर्पित था। चौधरी साहब की सोच थी कि जब तक गांव समृद्ध नहीं होंगे देश का भला नहीं होगा। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सेवा में रहते हुए उनको प्रदेश के विभिन्न जिलों में रहने का अवसर मिला है इनमें से अलीगढ़ कृषि क्षेत्र में उन्नतशील जिलों में से है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय को बढ़ाने के लिए वैल्यू एडीशन एवं मोनि. टाइजेशन। सरकार एफपीओ के माध्यम से इसी दिशा में कार्य कर रही है। किसान मेले एवं विभिन्न माध्यमों से देश–प्रदेश एवं जिले के कृषि वैज्ञानिक आपसे वार्ता करते हैं, उनके साथ बैठकर रासायनिक उर्वरक विशेषकर डीएपी के विकल्प पर फोकस कर निर्भरता कम करें। उन्होंने बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर कैंप एवं सभी सीएससी के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री एवं किसान सम्मान निधि के लिए डाटा शुद्धीकरण का कार्य किया जा रहा है ताकि कोई पात्र किसान बन्धु किसान सम्मान निधि से वंचित न रहे। उन्होंने जय जवान और जय किसान के साथ अपनी वाणी को विराम दिया।

## दुग्धभिषेक एवम माता काली कि शोभायात्रा के साथ गोगाजी धाम का 9 वां स्थापना दिवस प्रारंभ

अलीगढ़ जाहरवीर बाबा गोगा जी महाराज मंदिर गोगा जी धाम , निकट राठौर बगीची , माधव रोड, महेंद्र नगर , अलीगढ़ का नौवां स्थापना दिवस एवं मेला कार्यक्रम विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बहुत ही धूमधाम से मनाया जा रहा है ।गोगाजी धाम के मीडिया प्रभारी भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक के अनुसार गोगाजी धाम के नवम स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर सोमवार 23 दिसंबर 2024 को प्रातः 9 बजे गोगा जी महाराज के दुग्धाभिषेक एवम स्नान दर्शन के पश्चात बाबा जी एवम काली माता को पोशाक चढ़ाई गई । दोपहर 11 बजे महानगर के गणमान्य समाजसेवियों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ जिसमे 5 समाजसेवी जोड़ों को उनके उत्तम कार्य के लिए दुशाला , माला पहनाकर सम्मा. नित किया गया । सम्मान समारोह मे जनप्रिय संस्था के संस्थापक अटल कुमार वार्ष्णेय एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती उमा वार्ष्णेय , कालीचरण वार्ष्णेय एवं उनकी धर्मपत्नी कुसुम वार्ष्णेय , सुरेश यादव , कुसुमा देवी , उपेंद्र वार्ष्णेय , पूर्णिमा वार्ष्णेय का स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया । इससे पूर्व विद्वान आचार्य ब्रज किशोर चतुर्वेदी एवं सृष्टि चतुर्वेदी का सम्मान किया गया । तदोपरांत हवन कार्यक्रम में भक्तों ने गोलों से आहुति दी । दोपहर में मां काली की शोभायात्रा में भक्तों ने काली माता का आशीर्वाद लिया । काली माता की सवारी गोगा जाहरवीर मंदिर से प्रारंभ होकर राठौर बगीची , महेंद्र नगर , हनुमान पुरी बृजधाम गेस्ट हाउस से होते हुए वापिस गोगाजी धाम पर संपन्न हुई । इस अवसर पर बाबा जाहरवीर की गद्दी के संचालक विकास माधव, श्रीमती मनोरमा देवी , विजेता गुप्ता , विकास गुप्ता बालाजी , डा विनोद भारद्वाज , विशेषता वार्ष्णेय , रवि गुप्ता विआ , अनुज वार्ष्णेय , शिवकुमार वार्ष्णेय मॉडर्न , ज्ञान प्रकाश वार्ष्णेय , भुवनेश वार्ष्णेय , अभिनव गुप्ता , विवेक शंकर वार्ष्णेय , राहुल अग्रवाल ,अमित प्रकाश गुप्ता , दिनेश चंद्र वार्ष्णेय , संजय वार्ष्णेय देहली , पुनीत मित्तल, राजेश पर्ल , सुमित हा. थरस , नवरतन , डा के पी यादव , शशांक वार्ष्णेय , डा अनुज बंसल, विनय वार्ष्णेय , महेश चंद्र वार्ष्णेय , नवरतन , अंकित गर्ग , राहुल अग्रवाल , घनेंद्र वार्ष्णेय , राजू यादव , राकेश कुमार , राजकिशोर , रामसेवक , संगीता यादव , अखिल वार्ष्णेय हाथरस , परमेन्द्र गुप्ता पलवल , अभिषेक वार्ष्णेय , मनोज अग्रवाल दिल्ली सी पी शर्मा , प्रवीण वार्ष्णेय , मनीष वार्ष्णेय भालू , राहुल अग्रवाल ,अमित प्रकाश वार्ष्णेय , अमित सहसमानिया , , विराट गुप्ता , विराज गुप्ता , भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक , राजू यादव , राकेश कुमार , प्रवीण वार्ष्णेय, नकुल वार्ष्णेय , नवीन माहेश्वरी, हर्ष शर्मा , संजय किराना श्लोक वार्ष्णेय , हर्ष वार्ष्णेय , दक्ष वार्ष्णेय , ठाकुर तरुण सिंह , मुकेश महेश्वरी , मयंक वार्ष्णेय , राजकुमार वार्ष्णेय , उत्कर्ष विज्ञापनजी , हर्ष गौड़ , गौरव वशिष्ठ , डा कृपाल सिंह यादव , कृष्ण गोपाल , आशुतोष चौबे , राजीव उपाध्याय , शेखर वार्ष्णेय भट्टा , बाँके बिहारी खंडेलवाल , राजकुमार बिजली वाले , हिमांशु वार्ष्णेय , अनुज प्रकाश गुप्ता , राजेश यादव , सत्य पाल सिंह , राकेश गुप्ता , भुवनेन्द्र शर्मा , अर्जुन सोनी , शुभम सक्सेना , मनोज यादव लल्ला , वेद प्रकाश शर्मा , अनुराग वार्ष्णेय बंटी, चमन गुप्ता , करन वार्ष्णेय दिल्ली , रोहित वार्ष्णेय , विकास वार्ष्णेय रुचि , स्वेतॉंक बबलू , सुमित वार्ष्णेय इंफ्रा , सविता गुप्ता , सुगम अग्रवाल आदि उपस्थित रहे ।गा. `गाजी धाम के मीडिया प्रभारी भुवनेश आधुनिक के अनुसार 24 दिसंबर 2024 को प्रातः 9 बजे डंडौती परिक्रमा कार्यक्रम , प्रेम रघु ब्लड बैंक हाथरस एवं मैक्स आई केयर सेंटर के तत्वाधान मे दोपहर 11 बजे से निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन एवम रात्रि 8 बजे से बाबा की जोत का कार्यक्रम रहेगा ।

## अपर आयुक्त की अध्यक्षता में उद्योग .बन्धु की मण्डलीय बैठक संपन्न

अलीगढ़ अपर आयुक्त अरुण कुमार की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में उद्योग बंधु की मंडलीय बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान बताया गया कि ताला नगरी में ईएसआई डिस्पेंसरी खोलने के लिए मंडलायुक्त स्तर से प्रस्ताव निदेशक राज्य कर्मच. ारी बीमा निगम को भेज दिया गया है। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के दौरान प्राप्त निवेश प्रस्तावों के क्रियान्वयन की समीक्षा में पाया गया कि मंडल में 15000 करोड़ के सापेक्ष 15523 करोड़ के 459 प्रस्ताव रेडी फॉर जेबीसी के लिए तैयार किए गए। गत माह तक 287 वाणिज्यिक इकाइयों के एमओयू धरातल पर आ चुके हैं जिसमें अलीगढ़ में 201, एटा में 50, हाथरस में 26 ,और कासगंज में 10 इकाइयां है। निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों की समीक्षा में 20 दिसंबर तक 737 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिसमें 520 पर स्वीकृति और 14 अस्वीकृत किए गए। 165 आवेदन पत्र समय सीमा के भीतर निस्तारण के लिए लंबित रहे जिनके निस्तारण के निर्देश दिए गए। विभाग द्वारा संचालित रोजगार योजनाओं की प्रगति समीक्षा में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में 675 करोड़ के 347 के लक्ष्य के सापेक्ष 1422.69 करोड़ के 586 आवेदन पत्रों का प्रेषण किया गया। विभिन्न बैंक द्वारा 539.31 करोड़ के 187 आवेदन पत्र पर स्वीकृति और 441.87 करोड़ के 145 आवेदन पत्रों पर लोन वितरित किया गया। इसी प्रकार से एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना में 651 करोड़ के 217 के भौ. तिक लक्ष्य के सापेक्ष 1078.08 करोड़ के 193 आवेदन पत्र प्रेषित किए गए, जिसके सापेक्ष 675.64 करोड़ के 109 आवेदन पत्रों पर स्वीकृति और 633.28 करोड़ के 93 आवेदन पत्रों पर ऋण वितरण किया गया।संयुक्त आयुक्त उद्योग बीरेन्द्र कुमार द्वारा बैठक का संचालन किया गया। इस अवसर पर मण्डलीय विभागीय अधिकारी एवं उद्यमी उपस्थित रहे।

# पीपल घर में उग आए तो इसे काटना चाहिए या नहीं?

पीपल में देवताओं का वास होता है, इसलिए इसकी पूजा करने से ग्रह शांत होते हैं और जीवन में सुख–समृद्धि आती है। पीपल वृक्ष के लगाने से या पीपल वृक्ष में जल चढ़ाने से ग्रहों की शांति होती है, लेकिन कई बार ऐसा होता है कि घर में पीपल का वृक्ष उग जाता है और अज्ञानता में लोग घर में उगे पीपल के पौधे में ही जल अर्पित करना शुरू कर देते हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार घर में उगे पीपल पर जल नहीं चढ़ाना चाहिए। वहीं, घर में उग रहा पीपल भी शुभ नहीं माना जाता। अब ऐसे में सवाल उठता है कि घर में उग रहे पीपल को कैसे काटा जाए? आइए, जानते हैं इस सवाल का जवाब।सबसे पहले इस बात को समझना जरूरी है कि अगर एक पीपल काट रहे है, तो उसके बदले में 10 पेड़ लगाने चाहिए और कंवल लगाने नहीं चाहिए उसका पालन–पोषण भी करना चाहिए। यदि 1000 पत्तों से छोटा पीपल का पेड़ है, उसको काटने का कोई दोष नहीं है। जो टंकियों के आ. सपास में पीपल के पेड़ लग जाते हैं। यह कितने भी बड़े हो, उनको काटने का



कोई भी दोष नहीं है। जो छतों में पीपल के पेड़ लग जाते हैं, उनको काटने पर भी कोई भी दोष नहीं लगता। वहीं, घर के कच्चे आंगन में लगे पीपल को भी उखाड़ा जा सकता है लेकिन इन्हें हटाने से पहले कुछ नियमों का ध्यान रखना जरूरी है।पीपल या किसी पेड़ को काटना भी पड़े, तो उसको एक रात पहले यहां पर जाकर दीपक प्रज्ज्वलित करें और वहां पर थोड़ा प्रसाद चढ़ाएं और यह प्रार्थना करें कि अगर इस पीपल के ऊपर कोई भी देवता का वास है, तो वह यहां से परिवर्तित हो जाए। यहां से किसी दूसरी जगह चले जाएं क्योंकि हम कुल पेड़ काटने वाले हैं। यहां पर 108 बार विष्णु सहस्त्रनाम के या 108 पाउ गजेंद्र मोक्ष के जरूर करवा लेना चाहिए।पीपल को किसी भी हाथी, बैल या किसी भी छोटी कन्या के द्वारा पीपल वृक्ष को निकलवाया जा सकता है। इसका अर्थ यह है कि हाथी, बैल या छोटी कन्या अगर पीपल पर थोड़ा–सा स्पर्श कर दें या बल लगा दें, तो फिर इसके बाद पीपल के पौधे को कहीं और जगह रिप्लांट किया जा सकता है। वहीं, अगर पीपल के पौधे को रिप्लांट नहीं हो सके और कटवाना ही पड़े, तो फिर ऐसा करें कि सबसे पहले जो भी कुल्हाड़ी चलाई जाएगी उसके आगे घी या फिर शहद लगाकर उसे पूरित करें और फिर उसे कुल्हाड़ी से उस पीपल को काटना चाहिए।काटे हुए पीपल की लकड़ी को श्मशान में दान कर देना चाहिए या
जहां पर हवन होता है, उस जगह पर दान कर देना चाहिए। पीपल के पत्तों को अगर हाथी को खिलाया जाए, तो भी बहुत ही अच्छा रहता है। पीपल के पत्तों को हाथी या बैल को खिलाने पर उसका दोष नहीं रह जाता है। एक पेड़ को काटने के बदले 10 पेड़ लगाने का प्रयास करना चाहिए। पीपल ही नहीं, हर पेड़ कीमती है। पेड़ जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा भी हैं। इसी के आधार पर पीपल के पेड़ की पूजा–अर्चना और सेवा करके पुण्य फलों की प्राप्ति करते रहना चाहिए।

## श्री कृष्ण की कृपा के साथ 2025 का स्वागत कीजिए

हम एक नए वर्ष की दहलीज पर खड़े हैं, और 2025 अपने भीतर नई शुरुआत का वादा लेकर आया है। हर साल की तरह, यह समय हमें आत्ममंथन, नव. ीनीकरण और जीवन में नए लक्ष्य निर्धारित करने का अवसर देता है। लेकिन यह संकल्प वास्तविक रूप से परिवर्तनकारी कैसे बन सकते हैं? 'श्री कृ ष्ण चरित मानस (रसायन महाकाव्य)' की कालजयी शिक्षाएं हमें नए वर्ष को स्पष्टता, उद्देश्य और दिव्यता के साथ अपनाने के लिए एक गहरा मार्गदर्शन प्रदान करती हैं। समर्पण और विश्वास की शक्ति'श्री कृष्ण चरित मानस (रसायन महाकाव्य)' की एक प्रमुख शिक्षा है कि ईश्वरीय इच्छा के समक्ष समर्पण करना, यानी जीवन की चुनौतियों को एक अवसर के रूप में लेना, जो हमें परम शक्ति में और अधिक विश्वास करने का अवसर देती है। अनिश्चितता के समय में, भय के समक्ष झुकने के बजाय, भग. वान श्री कृष्ण हमें हर स्थिति में विश्वास रखने और हर बाधा को एक दिव्य योजना का हिस्सा मानने का आग्रह करते हैं, जो हमें शांति और संतोष की ओर ले जाती है। जैसे ही हम 2025 में कदम रख रहे हैं, आइए इस शिक्षा को अपनाएं और परिणाम से अपनी आसक्ति को छोड़कर यात्रा का आनंद लें। चाहे वह नया करियर हो, नया संबंध हो, या व्यक्तिगत लक्ष्य, विजय और संघर्ष दोनों में श्री कृष्ण की कृपा पर विश्वास करें। यह समर्पण निष्क्रिय नहीं हैय यह जीवन के दिव्य प्रवाह के साथ तालमेल बिठाने का सक्रिय निर्णय है।'श्री कृष्ण चरित मानस (रसायन महाकाव्य)' का एक और गहरा संदेश है कि एक उद्देश्यपूर्ण जीवन जिया जाए, जो धर्म में निहित हो। श्री कृष्ण का जीवन कर्तव्य और भक्ति के बीच संतुलन को दर्शाता है। अर्जुन को सिखाते हुए, श्री कृष्ण ने उन्हें यह समझाया कि किसी भी चीज से आसक्त हुए बिना अपने कर्तव्य में व्यस्त रहना ही जीवन का मूल उद्देश्य है। यह शिक्षा विशेष रूप से प्रासंगिक है जब हम आने वाले वर्ष के लिए अपने लक्ष्यों को निर्धारित करते हैं। भौतिक उपलब्धियों के लिए जीने के बजाय, आइए हम खुद से पूछेंरू क्या मेरे कार्य मेरे उच्च उद्देश्य के साथ संगत हैं? चाहे वह हमारा कार्य हो, संबंध हों, या समाज के प्रति सेवा, 2025 वह वर्ष बन सकता है, जिसमें हम हर कार्य में अर्थ और ईमानदारी भरें।

## नववर्ष की पहली सुबह बोलें यह मंत्र..होगा भाग्योदय, पढ़ें क्या रहेगा ग्रहों का प्रभाव

नव शिखर मिलें, सुर प्रखर मिलें, मन लहर मिलें इस वर्ष। नवगान मिलें, सम्मान मिले, पल मुखर मिले इस वर्ष...एक माह से दूसरे माह में जाने भर का प्रवेश मात्र नहीं है एक जनवरी। यह यह तिथि संग अपने लेकर आती है नई उम्मीदें, नई उमंगें। 2020 की एक जनवरी भी अपने साथ नई आशाओं का सवेरा लेकर आती है। बेशक ग्रहों की चाल भी नये वर्ष बनती और बिगड़ती है। इस बाबत धर्म वै. ज्ञानिक पंडित वैभव जोशी से जागरण डॉट कॉम ने बात की और पाठकों के लिए नववर्ष पर शुभता के उपाय और विभिन्न राशियों की ग्रह दशा के बारे में जाना।पंडित वैभव जोशी के अनुसार सूर्य प्राण शक्ति देने वाले देवता हैं। हिन्दू धर्म के पंचद. ेवों सूर्य, शिव, शक्ति, श्री गणेश, विष्णु में सूर्य ही ऐसे देवता माने जाते हैं, जो हर दिन हर प्राणी




और प्रकृति जगत की क्रियाओं और कार्य के साक्षी हैं। धार्मिक मान्यताओं में सूर्य बल, यश, निरोगी जीवन के साथ सौंदर्य देने वाले देवता भी हैं। इस कारण शक्ति और स्वास्थ्य के लिए हर रोज भी सूर्य उपासना का महत्व बताया गया है। इस तरह जीवन में वास्तविक सुंदरता यानी चेहरे के साथ सुंदर मन पाने के लिए भी सूर्य उपासना शुभ मानी गई है, क्योंकि निरोगी तन, मन ही आत्मविश्वास बढ़ाकर कामयाबी तय करता है। नववर्ष की भोर में सूर्य उपासना करने से विशेष ऊर्जा का संचार होता है। सूर्य उपासना का मंत्र है–राशि के अनुसार करें वर्ष के पहले दिन उपासना कहा जाता है कि राशि अनुसार देवता की पूजा करने से परेशानियां दूर होने के साथ–साथ ग्रह दोष से भी मुक्ति मिलती है। मान्यता अनुसार अपनी जन्म तारीख और राशि के स्वामी गृह की पूजा करने से मनचाही सफलता हासिल होती है। वर्ष की शुरुआत राशि के अनुसार देवता की पूजा करने से सालभर शुभता प्राप्त होती है।

मेष– इस राशि का स्वामी गृह मंगल है। इसलिए इस राशि के जातकों को नए साल की शुरुआत भगवान शिव की पूजा करके करनी चाहिए।

वृष– शुक्र आपकी राशि का स्वामी है। ये ग्रह वैभता का प्रतीक होता है। इस ग्रह को मजबूत करने के लिए आप नव वर्ष की शुरुआत माता लक्ष्मी की पूजा करके कर सकते हैं।

मिथुन– इस राशि के स्वामी ग्रह बुध हैं और बुध के देवता श्रीमननारायण माने जाते हैं। इसलिए आपको अच्छे भाग्य के लिए श्रीमननारायण की पूजा करनी चाहिए।

कर्क– इस राशि के मालिक चंद्रमा है और देवी गौरी चंद्रमा की देवी हैं। अगर आप अपने नए साल की शुरुआत माता गौरी की पूजा करके करेंगे तो आपकी इच्छाओं की पूर्ति हो जायेगी।

सिंह– इस राशि का स्वामी ग्रह सूर्य है और देवता शिव हैं। अगर आप अपने किसी भी काम या फिर नए साल की शुरुआत शिवजी की अराधना से करेंगे तो आपको अपने सभी कार्यों में सफलता हासिल होगी।

कन्या– आपकी राशि का ग्रह बुध है और भगवान श्रीमननारायण बुध ग्रह के स्वामी माने जाते हैं। इसलिए आपको अपने सौभाग्य में वृद्धि के लिए नए साल के पहले दिन श्रीमननारायण का ध्यान करना चाहिए।

तुला– इस राशि का स्वामी शुक्र और शुक्र ग्रह की स्वामी देवी लक्ष्मी है। अगर आप देवी लक्ष्मी की पूजा करेंगे तो आपको धन धान्य की कभी कमी नहीं होगी।

वृश्चिक– आपकी राशि का मालिक ग्रह मंगल है। मंगल को मजबूत करने और नए साल को उन्नत बनाने के लिए आपको शिव की अराधना करनी चाहिए।

धनु– इस राशि का स्वामी बृहस्पति है। देवगुरु बृहस्पति के स्वामी श्री दक्षिणामूर्ती हैं जिन्हें भगवान शिव का अवतार माना जाता है। इनकी पूजा से ज्ञान और बुद्धि की प्राप्ति होती है।

मकर– इस राशि का स्वामी ग्रह शनि होता है। शनि देव भगवान शिव की पूजा से प्रसन्न हो जाते हैं। इसलिए सुख समृद्धि के लिए भगवान शिव की उपासना करें।

कुंभ– इस राशि के स्वामी भी भगवान शनि देव हैं। आपके लिए भगवान शिव और श्री कृष्ण की उपासना करना सबसे लाभकारी साबित होगा

मीन– इस राशि का स्वामी बृहस्पति है। वृहस्पति के स्वामी "श्री दक्षिणमूर्ती" हैं इसलिए मीन राशि वालों को "श्री दक्षिणमूर्ती" की पूजा अर्चना करनी चाहिए। भगवान गणेश की पूजा से भी आप अपने नए साल की शुरुआत कर सकते हैं।

नव वर्ष 2020 के ग्रहों के प्रभावपंडित वैभव के अनुसार नववर्ष का प्रवेश शतभिषा नक्षत्र एवं कन्या लग्न में होगा। अंग्रेजी वर्ष 2020 दुर्लभ संयोग के साथ आ रहा है। इस बार 1 जनवरी को अंग्रेजी नववर्ष 2020 की शुरुआत बुधवार के दिन हो रही है। 2020 में सनातन हिन्दू नव वर्ष चौत्र शुक्ल प्रतिपदा गुड़ी पड़वा भी बुधवार के दिन शुरू होगा। साल में 63 बुधवार रहेंगे, इनमें अधिकांश बुधवार रवि को सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग रहेगा। साल में आने वाले प्रमुख व्रत व त्योहार भी बुधवार के दिन आ रहे हैं। वर्ष की अंक गणना से भी यह साल उन्नति व प्रगति देने वाला रहेगा। इस बार नववर्ष 2020 का आरंभ शतभिषा नक्षत्र से आरम्भ हो रहा है जो राहु का नक्षत्र है। यह नक्षत्र 1 जनवरी 2020 को प्रातः 01 बजकर 28 मिनट तक है इसके उपरांत बृहस्पति का नक्षत्र पूर्वा भाद्रपद होगा जिसे नववर्ष का सूर्योदय होगा अर्थात 2020 का सूर्योदय बृहस्पति के नक्षत्र में होगा जो की देश दुनिया, व्यापारी वर्ग और नौकरी वर्ग के लोगों के लिए अत्यंत कल्याणकारी होगा।वर्ष 2020 आरंभ के समय कन्या लग्न रहेगा, इस लग्न का स्वामी भी बुध है। साथ ही ग्रह गोचर में पांच ग्रह क्रमश सूर्य, बुध, गुरु, केतु व शनि का धनु राशि पर होना तथा बुध व गुरु का केंद्र योग बनाते हुए वर्गोत्तम होना इस बात की साक्षी है कि नए साल में भारतीय जीवन में व्यवसायिकता एवं आध्यात्मिकता का प्रभाव रहेगा। वर्ष 2020 का नवांश भी बुध व गुरु की श्रेष्ठ स्थिति बता रहा है।–

## महाकुंभ में स्नान के लिए ये 14 दिन सबसे खास, हर डुबकी से पाएंगे महापुण्य



महाकुंभ का साल 2025 में प्रयागराज में शुभारंभ होने जा रहा है। महाकुंभ में देश से ही नहीं बल्कि दुनियाभर से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। महाकुंभ का आयोजन 12 साल में एक बार किया जाता है। महाकुंभ में स्नान का विशेष महत्व है। महाकुंभ में स्नान करने से मनुष्य को अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। ऐसा कहा जाता है कि महाकुंभ में स्नान करने से व्यक्ति के पाप दूर होते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस बार महाकुंभ में स्नान के लिए 10 प्रमुख तिथियां हैं।

महाकुंभ 2025 स्नान की तिथियां

महाकुंभ प्रथम स्नान तिथि रू पौष शुक्ल एकादशी 10 जनवरी 2025 शुक्रवार

महाकुंभ द्वितीया स्नान तिथि रू पौष पूर्णिमा 13 जनवरी 2025 सोमवार

महाकुंभ चतुर्थ स्नान तिथि रू माघ कृष्ण एकादशी 25 जनवरी, 2025, शनिवार ।

महाकुंभ पंचम स्नान तिथि रू माघ कृष्ण त्रयोदशी 27 जनवरी, 2025 , सोमवार।

महाकुंभ अष्टम स्नान तिथि रू माघ शुक्ल सप्तमी (रथ सप्तमी)–4 फरवरी, 2025 ई., मंगलवार ।

महाकुंभ नवम स्नान तिथि रू माघ शुक्ल अष्टमी (भीष्माष्टमी) –5 फरवरी, 2025 ई., बुधवार।

महाकुंभ दशम स्नान तिथि रू माघ शुक्ल एकादशी (जया एकादशी) –8 फरवरी, 2025 ई., शनिवार।

महाकुंभ एकादश स्नान तिथि रू माघ शुक्ल त्रयोदशी (सोम प्रदोष व्रत) – 10 फरवरी, 2025, सोमवार ।

महाकुंभ द्वादश स्नान तिथि रू माघ पूर्णिमा, 12 फरवरी, 2025, बुधवार।

महाकुंभ त्रयोदश स्नान तिथि रू फाल्गुन कृष्ण एकादशी, 24 फरवरी, 2025, सोमवार।

महाकुंभ चतुर्दश स्नान पर्व रू महाशिवरात्रि, 26 फरवरी, 2025, बुधवार।

ध्यान दें रू महाकुंभ के आसपास जो भी प्रमुख पर्व तिथियां होती हैं उन्हें प्रमुख स्नान की तिथियां माना जाता है। इसलिए 10 जनवरी एकादशी तिथि को प्रमुख स्नान की तिथि माना गया है।

महाकुंभ शाही स्नान 2025

महाकुंभ शाही स्नान तिथि रू माघ कृष्ण प्रतिपदा मकर संक्रांति 14 जनवरी 2025, मंगलवार ।

महाकुंभ षष्ठ स्नान (द्वितीय) प्रमुख शाही स्नान–माघ (मौनी) अमावस्या –29 जनवरी, 2025 ई., बुधवार

महाकुंभ सप्तम स्नान, (तृतीय) (अंतिम) शाही स्नान – माघ शुक्ल पंचमी (बसंत पंचमी)–2 फरवरी, 2025 रविवार।

ध्यान दें– बसंत पंचमी का आरंभ 2 फरवरी को सुबह 9 बजकर 15 मिनट से हो रहा है और यह 3 फरवरी को सुबह 7 बजकर 1 मिनट तक रहेगी। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार, 3 फरवरी को बसंत पंचमी का आखिरी शाही स्नान होगा।महाकुंभ में स्नान का महत्व ?त्रिवेणी संगम यानी गंगा, यमुना व सरस्वती–तीनों पावन नदियों के संगम पर माघ मास और कुंभ पर्व पर स्नान, जप–पाठ और दानादि का धर्म शास्त्रों में विशेष महात्म्य वर्णित किया गया है। विधि पूर्वक माघ स्नान से बढ़कर कोई पवित्र और पाप नाशक पर्व नहीं। माघ मास में कुम्भ पर्व पर प्रयागराज में व्यक्ति तीन दिन भी नियमपूर्वक स्नान कर लेता है, तो उसे एक सहस्र अश्वमेघ यज्ञों को करने के बराबर पुण्य प्राप्त हो जाता है।महाकुंभ महापर्व भारत की प्राचीन गौरवमयी वैदिकता भारतवर्ष का सबसे बड़ा प्रतीक है। इस महापर्व के अवसर पर देश ही नहीं बल्कि विदेश तक से करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। श्कुंभ शब्द हेतु इकट्ठे होक्या घड़ा और श्कुम्भश का अर्थ विश्व ब्रह्माण्ड भी है। कर शब्द का अर्थ है घर या घड़ाषा, संस्कृति, महात्माओं एवं सामान्य श्रद्धालुजनों का समागम हो, वही कुम्भ महापर्व कहलाता है।कुंभ–पर्व के संबंध में वेद–पुराणों में अनेक महत्त्वपूर्ण मंत्र और प्रसंग मिलते हैं, जिनसे सिद्ध होता है कि कुंभ–महापर्व अत्यन्त प्राचीन, प्रामाणिक और वैदिक धर्म से ओत–प्रोत है। श्ऋग्वेदश के दशम मण्डल के अनुसार कुंभ–पर्व में जाने वाला मनुष्य स्वयं स्नान, दान–होमादि सत्कर्मों के फलस्वरूप अपने पापों को वैसे ही नष्ट करता है, जैसे कुठार वन को काट देता है। जिस प्रकार नदी अपने तटों को काटती हुई प्रवाहित होती है, उसी प्रकार कुम्भ–पर्व मनुष्य के पूर्व कर्मों से प्राप्त हुए मानसिक व शारीरिक पापों को नष्ट करता है।

आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें -
अमित कुमार वर्मा -संम्पादक
मोः-8218049162,8273402499

जननायक सम्राट
हिंदी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक–अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा